लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक संख्या 4/2019 की कार्यवाही

उपस्थिति

1.	प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति	–	अध्यक्ष
2.	प्रो0 आर0के0 सिंह, प्रति कुलपति	–	सदस्य
3.	प्रो0 पद्म कान्त	–	सदस्य
4.	प्रो0 एस0के0 जायसवाल	–	सदस्य
5.	प्रो0 बृजेन्द्र सिंह	–	सदस्य
6.	डॉ0 मो0 तकी अली आब्दी	–	सदस्य
7.	डॉ0 अमृता श्रीवास्तव	–	सदस्य
8.	प्रो0 एस0के0 द्विवेदी	–	सदस्य
9.	डॉ0 एस0बी0गुप्ता	–	सदस्य
10.	श्री एस0के0 शुक्ल, कुल सचिव	–	पदेन सचिव

बैठक में श्री संजय श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी, एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल डॉ0 अंजनी कुमार मिश्रा, परीक्षा नियन्त्रक लखनऊ विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहें।

बैठक आरम्भ करने से पूर्व माननीय अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति द्वारा कार्य परिषद के नव नियुक्त सदस्या डा0 अमृता श्रीवास्तव, रसायन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय का स्वागत किया गया तथा विश्वविद्यालय संचालन में उनके बहुमूल्य सुझावों हेतु आग्रह किया गया। तत्पश्चात कार्य परिषद के नवागत सदस्यों से शपथ ग्रहण कराते हुये शपथ पत्र के प्रारुप पर हस्ताक्षर करा कर उसे सचिव, कार्य परिषद को हस्तगत कराया गया। मा0 कुलपति जी/अध्यक्ष ने नवागत सदस्यों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया मा0 कुलपति जी/अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में अपना कार्यकाल पूरा करने वाली सदस्या डॉ0 अराधना पाण्डेय, शिक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय का कार्य परिषद मे उनके द्वारा दिये गये बहुमूल्य सुझावों एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

बैठक आरम्भ होने से पूर्व मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 62वें दीक्षान्त समारोह में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित होने के सम्बन्ध प्रो0 दिनेश शर्मा, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की सहमति से अवगत सदन को अवगत कराया।

अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को यह भी अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षान्त समारोह 2019 की तिथि को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित कर दिनांक 14 अक्टूबर, 2019 के स्थान पर 15 अक्टूबर, 2019 कर दिया गया है जिसकी सूचना माननीय श्री राज्यपाल महोदया को दी जा चुकी है जिस पर माननीय राज्यपाल महोदया की सहमति भी प्राप्त की चुकी है।

Scanned by CamScanner

अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देश पर सरकारी स्कूल के छात्र/छात्राओं को दीक्षान्त समारोह 2019 में आमंत्रित किया जायेगा तथा उन्हें पुस्तक भेंट की जायेगी जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

मा0 सदस्य डा0 एस0बी0 गुप्ता द्वारा सदन को अवगत कराया कि छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सम्पन्न हुए दीक्षान्त समारोह मलिन बस्तियों में रहने वाले छात्र/छात्राओं को स्कूल बैग पुस्तक के साथ भेंट किया गया था डा0 गुप्ता द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में भी उक्तानुसार प्रस्ताव रखा गया जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन के समक्ष दीक्षान्त समारोह 2019 में गैर सरकारी संगठन (एन0जी0ओ) में शिक्षण कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किये जाने संबंधी प्रस्ताव से अवगत कराया जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति महोदय द्वारा कुलसचिव/पदेन सचिव, कार्य परिषद को बैठक की कार्यवाही कार्यसूची के अनुसार संचालित करने की अनुमति प्रदान की गयी।

कार्यवाही

मद संख्या 01:—लखनऊ विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षान्त समारोह 2019 में मानद् उपाधि प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने के संबंध में।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 62वें दीक्षान्त समारोह 2019 में मानद उपाधि प्रदान किये जाने के संबंध में कार्य परिषद के सभी मा0 सदस्यों से चर्चोपरान्त मानद उपाधि हेतु विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं छात्रा सर्वश्री राजीव कुमार, अध्यक्ष, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफारमिंग इंडिया (नीति आयोग) एवं डॉ0 रितु करिथाल श्रीवास्तव, मिशन डायरेक्टर, चन्द्रयान–2, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नामों के पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

बैठक के अन्त में कुलसचिव/पदेन सचिव कार्यपरिषद द्वारा सभापति सहित बैठक में अल्प सूचना में प्रतिभाग करने के लिये सभी सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आगामी दिनांक 15.10.2019 को आयोजित दीक्षान्त समारोह में समस्त मा0 कार्य परिषद सदस्यों को अनौपचारिक रूप आमंत्रित करते हुए समारोह में उपस्थित होने का निवेदन किया गया जिसे सदन में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा स्वीकार किया गया। तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

एस0के0शुक्ल
कुलसचिव/सचिव

प्रो0 एस0पी0सिंह
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner